जागरूकता रैली को एडीजी, डीआईजी और एसएसपी ने दिखाई हरी झंडी

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, ३ नवम्बर। नवम्बर माह को यातायात सुरक्षा माह के रूप में मना रही जनपद की यातायात पुलिस द्वारा मंगलवार को यातायात जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। पुलिस लाइन से निकली इस रैली को एडीजी जोन रामकुमार डीआईजी रेंज एस चनप्पा, एसएसपी डॉ कोस्तुभ ने हरी झंडी दिखा करके रवाना किया। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई इस बाइक रैली शामिल महिला व पुरूष बाइकर्स अपने हाथों में विभिन्न स्लोगन लिखे तख्तियां ले रखा था, जिसपर पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश लिखे थे। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए एडीजी जोन रामकुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। यातायात नियम किसी को परेशान करने या उसकी स्वतंत्रता सीमित करने के लिए नहीं बनाए गए हैं, बल्कि यह हर व्यक्ति के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हैं। सड़क पर वाहन चलाते समय की गई छोटी सी लापरवाही भी किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है, इस लिए प्रत्येक वाहन चालक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए यातायात नियमों का पूरी गंभीरता से पालन करना चाहिए। उन्होंने यातायात पुलिस की ओर से स्कूली बच्चों को भी जागरूक करने के लिए विशेष संदेश दिया। इसमें सुरक्षित बच्चा, सुरक्षित परिवार और सुरक्षित समाज की अवधारणा पर जोर दिया गया। बच्चों को ट्रैफिक सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके और वाहन में सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जानकारी देने की अपील की गई।



पद यात्रा के दौरान नगर क्षेत्र में बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

अपराध संवाददाता

गोरखपुर,३ नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी ४ नवम्बर को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान नगर क्षेत्र में बेहतर यातायात व्यवस्था और राहगीरों को जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान रुट डायवर्जन लागू किया है। यातायात कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त डायवर्जन सुबह ७ बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा। इस दौरान शहर के कई प्रमुख चौराहों और मार्गों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। लोगों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से अपने गंतव्य तक पहुंचना होगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान टीपी नगर से टीडीएम अहलादपुर होते हुए बेतियाहाता की तरफ आने वाले कामर्शियल वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। यह वाहन रस्तमपुर चौराहा और पैडलेगंज चौराहा होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। शास्त्री चौराहा से कचहरी चौराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग का उपयोग करने वाले वाहन शास्त्री चौराहा से अंबेडकर चौराहा होते हुए आगे जाएंगे। घोष कंपनी से टाउनहाल की तरफ आने वाले वाहनों को शास्त्री चौराहा की ओर डायवर्ट किया जाएगा। अग्रसेन तिराहा से टाउनहाल की तरफ जाने वाले वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इन्हें जुबली तिराहा और बक्शीपुर होकर भेजा जाएगा।विजय चौराहा से गणेश चौराहा की तरफ आने वाले वाहनों को सुमेर सागर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। सिटी मॉल तिराहा से किसी भी प्रकार के वाहन गणेश चौक की तरफ नहीं जा सकेंगे। इन्हें कामेल गली रोड से अपने गंतव्य तक जाना होगा। आयकर भवन तिराहा से हरिओमनगर तिराहा की तरफ आने वाले वाहनों को पुराने आरटीओ तिराहा की ओर डायवर्ट किया जाएगा। अंबेडकर चौराहा से तमकुही तिराहा की तरफ आने वाले वाहन छात्रसंघ चौराहा और रस्तमपुर होते हुए जाएंगे। इसी क्रम में असुरन चौराहा से काली मंदिर मार्ग पर भी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इन वाहनों को कौवाबाग, रेलवे अंडरपास और मोहद्दीपुर चौराहा होकर भेजा जाएगा। ऑटो और ई-रिक्शा धर्मशाला अंडरपास से होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। हट्ठी माई तिराहा से टाउनहाल की तरफ जाने वाले वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। पुलिस लाइन तिराहा से काली मंदिर तिराहा की तरफ जाने वाले वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इन वाहनों को रोडवेज तिराहा से होकर निकाला जाएगा। यातायात तिराहा से पुलिस लाइन तिराहा की तरफ भी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इन्हें महाराणा प्रताप मूर्ति तिराहा होकर अपने गंतव्य तक जाना होगा।



◆ कई मार्गों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित, पार्किंग के लिए भी तय किए गए स्थान

यहां है वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था

गोरखपुर। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। बसों की पार्किंग विश्वविद्यालय मैदान के अंदर होगी। कारों के लिए गोरखपुर क्लब, निपाल क्लब, पुलिस कार्यालय परिसर, विश्वविद्यालय पुलिस चौकी के बगल स्थित खाली मैदान, कचहरी क्लब और मल्टीलेवल पार्किंग में व्यवस्था की गई है। दोपहिया वाहनों की पार्किंग हरिओम नगर चौराहे के पास पीएनबी बैंक के बगल वाली गली में होगी। टीआई ने बताया कि रूटएंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को डायवर्जन से मुक्त रखा जाएगा। इसके अलावा दिन में दोपहर 12 बजे से दो बजे तक नौसड़ से फलमंडी मार्ग पर खुलने वाली नो-इंट्री नहीं खुलेगी।

यातायात ब्लॉक के कारण कई ट्रेनोंका निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन

गोरखपुर, ३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा पूर्व-मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत नरकटियागंज-वाल्मीकिनगर रोड रेल खंड के मध्य खरपोखरा-बगहा इकहरी लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में यातायात ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण किया जायेगा। नरकटियागंज एवं गोरखपुर कैंट से 4 नवम्बर को चलने वाली 55095/55096 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। बढ़नी एवं नरकटियागंज से 4 नवम्बर को चलने वाली 55040/55039 बढ़नी-नरकटियागंज-बढ़नी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 3 नवम्बर को चलने वाली 04014 आनन्द विहार टर्मिनल-लौकहा बाजार विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कप्तानगंज-थावे-सीवान-छपरा-मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी के रास्ते चलाई जा रही है।

सूचना-श्रीमती आभा त्रिपाठी चौबे W/o राहुल चौबे D/o लक्ष्मन प्रसाद त्रिपाठी निवासी-करीमनगर ग्रीनलैण्ड हास्पिटल के पास, गोरखपुर। मेरे जमीन का मदरडीड सं. 3679 दिनांक 20-07-2004 है जो दिनांक 30-10-2026 को दीवानी कचहरी गोरखपुर के परिसर में गिर गया। बहुत ढूंढने के बाद भी अभी तक नहीं प्राप्त हुआ। मो.नं.-8595066399

उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
विद्युत पारेषण मण्डल, पारेषण भवन, मोहद्दीपुर, गोरखपुर
ई-निविदा सूचना दिनांक 03.11.2026
निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1- Bid Number : GEM/2026/B/8233697/ Dated: 03-11-2026/2026-27:- विद्युत पारेषण खण्ड-मण्डल, गोरखपुर के अधीन Monthly Basis Cab & Taxi Hiring Services & Premium Sedan (3000Km) Outstation, Monthly Basis Cab & Taxi Hiring Services-SUV; 2000 Km; Outstation, से संबंधित कार्य। धरोहर धनराशि रू0 26534.00 मात्र। निविदा खुलने की अंतिम तिथि 14.11.2026 समय 14.00 बजे के उपरान्त।

2- Bid Number : GEM/2026/B/8231070/Dated: 03-11-2026/2026-27:- विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, द्वितीय, 400 केवी0 उपकेन्द्र खण्ड गोरखपुर/ देवरिया के अधीन विभिन्न उपकेन्द्रों पर सशस्त्र सुरक्षा प्रहरी/सुरक्षा प्रहरी (डण्डाधारी) की तैनाती हेतु। धरोहर धनराशि रु. 538500.00 मात्र। ई-निविदा खुलने की अंतिम तिथि-13.11.2026 समय 19.00 बजे के उपरान्त।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र www-Gem.gov.in की वेबसाईट पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जायेंगी।

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 गोरखपुर
पत्रांक:-2377/वि.पा.मं.(गो.)/टी-8/ दिनांक 03-11-2026

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम ANIS AHMAD दर्ज हो गया है जबकि उनका सही नाम ANEES AHMAD है।अब उन्हें इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **आतिया मलिक** पत्नी ANEES AHMAD निवासी ग्राम अवसानपुर, पोस्ट डुमरियागंज, जिला सिद्धार्थनगर 272189

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एन सी सी का B प्रमाण पत्र वर्ष 2019-20 क्रमांक UKSG/18/83822 एवं एन सी सी का C प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया हैं। यदि किसी महानुभाव को कही मिला हो तो वह उसे निम्न पते पर सूचित करे। **अनुप्रिया मिश्रा** पुत्री श्री आर के मिश्रा, पता-सेक्टर बी नियर वायरलेस चौराहा, महानगर, लखनऊ,उत्तर प्रदेश 226006

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम SHARWAN KUMAR GUPTA है जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या 7780662 में त्रुटिवश मेरा नाम अंग्रेजी में SHARAWAN KUMAR GUPTA अंकित हो गया है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम SHARWAN KUMAR GUPTA से ही जाना एवं पहचाना जाए। **श्रवण कुमार गुप्ता** पुत्र राम प्रसाद गुप्ता ग्राम-परसरामपुर, पोस्ट-परसरामपुर, थाना-परसरामपुर, जनपद-बस्ती, उत्तर प्रदेश।

कमीशनिंग कार्य के कारण कई ट्रेनें पुनर्निर्धारण

गोरखपुर, ३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के कानपुर अनवरगंज स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के कमीशिनिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में गाड़ियों को शार्ट टर्मिनेट, शार्ट ओरिजिनेट, पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रित कर चलाया जा रहा है। कानपुर अनवरगंज से 4 नवम्बर को चलने वाली 15003 कानपुर अनवरगंज-गोरखपुर एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल से चलाई जायेगी। यह गाड़ी कानपुर अनवरगंज से कानपुर सेंट्रल के मध्य निरस्त रहेगी। कानपुर सेंट्रल से 4 नवम्बर को चलने वाली 54155 कानपुर सेंट्रल-फर्रूखाबाद सवारी गाड़ी कानपुर सेंट्रल से 180 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। लखनऊ जं. से 4 नवम्बर को चलने वाली 12003 लखनऊ जं.-नई दिल्ली एक्सप्रेस लखनऊ जं. से 40 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। फर्रूखाबाद से 4 नवम्बर को चलने वाली 15084 फर्रूखाबाद-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस फर्रूखाबाद से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

गोरखपुर से 4 नवम्बर को चलने वाली 15067 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के बीच 80 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। लखनऊ जं. से 4 नवम्बर को चलने वाली 12179 लखनऊ जं.-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस उन्नाव-कानपुर सेंट्रल के बीच 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। कासगंज से 4 नवम्बर को चलने वाली 15038 कासगंज-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। प्रयागराज जं. से 4 नवम्बर को चलने वाली 14117 प्रयागराज-भिवानी एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल पर 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। ब्रह्मावृत से 4 नवम्बर को चलने वाली 64174 ब्रह्मावृत-कानपुर सेंट्रल मेमू गाड़ी 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

ए.सी.थर्ड और स्लीपर श्रेणी का लगेगा अतिरिक्त कोच

गोरखपुर, ३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा त्योहारों पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु डिब्रुगढ़ से 4 से 25 नवम्बर तक तथा गोरखपुर से 5 से 26 नवम्बर तक चलने वाली 05978/05977 डिब्रुगढ़-गोरखपुर-डिब्रुगढ़ साप्ताहिक त्योहार विशेष गाड़ी के रेक संरचना में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं शयनयान श्रेणी के एक-एक अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AWDHESH PARATP SINGH से बदल कर AWADHESH PRATAP SINGH रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **AWADHESH PRATAP SINGH** पुत्र गंगा सिंह ग्राम मेही हरदो पोस्ट तुरकौलिया तिवारी, थाना डुमरियागंज, जिला सिद्धार्थनगर 272189

Notice- I **RAJ BALA SHARMA** Mother of RAJKUMAR resident of V+P- SOOP DIST- BAGHPAT (U.P.) PIN-250623. have changed my name from RAJ BALA SHARMA to BALA vide affidavid No. IN-UP74259730983441Y dated 03 Nov 2026 befor CIVIL COURT, GORAKJPUR.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्री के आधार कार्ड संख्या-321170128658 में त्रुटिवश उसका नाम एंजेल (ANJAL) एवं जन्मतिथि 11-11-2007 दर्ज हो गया है,उसका सही नाम एंजेल मोदनवाल (ANJEL MODANWAL) एवं जन्मतिथि 11-11-2008 है। यही नाम वह जन्मतिथि उसके आधार कार्ड में दर्ज किया जाए। **दिलीप कुमार मोदनवाल** पुत्र स्व. रमाकांत मोदनवाल 259/बी दिग्विजयनगर अंसारी रोड हुमायूंपुर उत्तरी गोरखनाथ गोरखपुर 273015

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ANIS AHMAD से बदलकर ANEES AHMAD रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **ANEES AHMAD** पुत्र कुतबुल्लाह निवासी ग्राम अवसानपुर, पोस्ट डुमरियागंज, जिला सिद्धार्थनगर 272189

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम साजिदा खातून पत्नी अज़मत अली था परंतु अब मैं अपना नाम बदलकर साजिदा खातून अंसारी पत्नी अज़मत अली रख ली हूं अब मुझे साजिदा खातून अंसारी के नाम से जाना वो पहचाना जाय। **साजिदा खातून** ग्राम भूसुडा उर्फ हनुमानगंज पोस्ट हनुमानगंज जिला बस्ती

सूचना-सूचित किया जाता है कि बजाज लाइफ इ. लि. मे अपने पुत्र के नाम से CHAILD GAIN पॉलिसी लिया हूं जिसका पॉलिसी सं. 0299663291 है जिसमे मेरे पुत्र का नाम MASTER SHRASTH JAISWAL है तथा जन्मतिथि 03/04/2012 है जब कि आधारकार्ड के अनुसार सही नाम AKHAND PRAKASH है तथा जन्मतिथि 03/04/2013 है। **शरद चन्द्र जायसवाल** पुत्र ओम प्रकाश कलवार, लोहिया मार्केट स्टेशन रोड वार्ड न. 07 आनन्द नगर महराजगंज (उ. प्र.) 273155.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2237415356 का मूल प्रमाणपत्र सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **शुभम कुमार यादव** पुत्र विजय बहादुर यादव, ग्राम व पोस्ट-गजपुर, जिला-गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AJAMAD ALI से बदलकर AJMAD ALI रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **AJMAD ALI** पुत्र हलीम पता ग्राम फुलवरिया पोस्ट चौरी चौरा जिला गोरखपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1242562287 का मूल प्रमाणपत्र सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **विशाल यादव** पुत्र रामकुमार यादव, पता-धूमगंज पूरे लाली परसपुर, जनपद-गोण्डा-271504

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सईद अहमद से बदलकर सईद अहमद हुसैन अहमद अंसारी रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **सईद अहमद हुसैन अहमद अंसारी** पुत्र हुसैन अहमद निवासी मूढ़ाढिहा खुर्द, पोस्ट उसरा शहीद, जिला संतकबीरनगर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कलीमुल्लाह से बदलकर कलीमुल्लाह फैजुल्लाह चौधरी रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए।**कलीमुल्लाह फैजुल्लाह चौधरी** पुत्र फैजुल्लाह निवासी ग्राम बरगदवा पोस्ट दूल्हा नॉर्थ थाना मोहाना जिला सिद्धार्थनगर 272206

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम साजिदा खातून पत्नी अज़मत अली था परंतु अब मैं अपना नाम बदलकर साजिदा खातून अंसारी पत्नी अज़मत अली रख ली हूं अब मुझे साजिदा खातून अंसारी के नाम से जाना वो पहचाना जाय। **साजिदा खातून** ग्राम भूसुडा उर्फ हनुमानगंज पोस्ट हनुमानगंज जिला बस्ती

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नितेश कुमार के आचरण से दुखी होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कृत्य अथवा लेनदेन की मेरी एवं मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इंद्रावती देवी** पत्नी राममिलन, ग्राम-रघुनाथपुर, थाना-हरपुर बुदहट, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)।

सूचना-सूचित किया जाता है मेरे सभी बैध दस्तावेजो जिसे पैनकार्ड व आधारकार्ड में मेरा सही नाम NAGENDRA YADAV दर्ज है जो सही है त्रुटि बस मेरे मार्कशीट व पासपोर्ट संख्या P8892494 में मेरा नाम YADAV NAGNDEAR दर्ज हो गया है जो गलत है मुझे मेरे सही नाम NAGENDRA YADAV से ही जाना व पहचाना जाए। **नागेन्द्र यादव** पुत्र श्रीकांत यादव, निवासी, घुघली बुजुर्ग पो0 बिरैचा जनपद महराजगंज।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MUKESH KUMAR से बदलकर MUKESHKUMAR YADAV रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **MUKESHKUMAR YADAV** पुत्र CHANARMAN YADAV निवासी 21 झुनुवा, महराजगंज, 273155

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मज़हरुन्निसा से बदलकर मज़हरुन्निसा कलीमुल्लाह चौधरी रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मज़हरुन्निसा कलीमुल्लाह चौधरी** पत्नी कलीमुल्लाह फैजुल्लाह चौधरी निवासी ग्राम बरगदवा पोस्ट दूल्हा नॉर्थ थाना मोहाना जिला सिद्धार्थनगर 272206

त्योहार विशेष ट्रेन का संचलन तीन फेरों में होगा


गोरखपुर, ३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 03037/03038 हावड़ा-गोरखपुर-हावड़ा अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन हावड़ा से 11, 13 एवं 14 नवम्बर को तथा गोरखपुर से 12, 14 एवं 15 नवम्बर को 3 फेरों के लिये किया जायेगा। 03037 हावड़ा-गोरखपुर अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 11, 13 एवं 14 नवम्बर को हावड़ा से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बैण्डेल से 1 बजे, बर्द्धमान से 1.52 बजे, दुर्गापुर से 3.03 बजे, आसनसोल से 3.36 बजे, चित्तरंजन से 4.02 बजे, मधुपुर से 4.50 बजे, जसीडीह से 5.24 बजे, झाझा से 7 बजे, किऊल से 7.50 बजे, बरौनी से 10.25 बजे, शाहपुर पटोरी से 11.17 बजे, हाजीपुर से 12.25 बजे, सोनपुर से 12.37 बजे, छपरा से 14.20 बजे, एकमा से 14.52 बजे, सीवान से 15.25 बजे, भटनी से 16.10 बजे, देवरिया सदर से 16.40 बजे तथा चौरी चौरा से 17.27 बजे छूटकर गोरखपुर 18.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 03038 गोरखपुर-हावड़ा अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 12, 14 एवं 15 नवम्बर को गोरखपुर से 20.35 बजे प्रस्थान कर चौरी चौरा से 21.10 बजे, देवरिया सदर से 22.02 बजे, भटनी से 22.25 बजे, सीवान से 23.15 बजे, एकमा से 23.52 बजे, दूसरे दिन छपरा से 1.15 बजे, सोनपुर से 2.10 बजे, हाजीपुर से 2.25 बजे, शाहपुर पटोरी से 3.22 बजे, बरौनी से 4.40 बजे, किऊल से 6.42 बजे, झाझा से 8.10 बजे, जसीडीह से 9.05 बजे, मधुपुर से 9.38 बजे, चित्तरंजन से 10.20 बजे, आसनसोल से 11.35 बजे, दुर्गापुर से 12.08 बजे, बर्द्धमान से 13.13 बजे तथा बैण्डेल से 14.05 बजे छूटकर हावड़ा 15.40 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान,सामान्य द्वितीय श्रेणी के 16 तथा एस.एल.आर.डी. के 2 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। ये सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे।

एक फेरे के लिए होगा विशेष गाड़ी का संचलन

गोरखपुर, ३ नवम्बर। रेलवे प्रशासन द्वारा त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिये 01663/01664 रानी कमलापति-गोरखपुर-रानी कमलापति त्योहार विशेष गाड़ी का संचलन रानी कमलापति से 7 नवम्बर को तथा गोरखपुर से 9 नवम्बर को 1 फेरे के लिये किया जायेगा। 01663 रानी कमलापति-गोरखपुर त्योहार विशेष गाड़ी 7 नवम्बर को रानी कमलापति से 18.45 बजे प्रस्थान कर विदिशा से 19.30 बजे, बीना से 22.02 बजे, दूसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 7 बजे, उरई से 1.27 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 4.15 बजे, लखनऊ से 6.30 बजे, बाराबंकी से 8.06 बजे, बुढ़वल से 8.38 बजे, गोण्डा से 9.40 बजे, मनकापुर से 10.09 बजे, बस्ती से 11.02 बजे तथा खलीलाबाद से 11.30 बजे छूटकर गोरखपुर 12.30 बजे पहुँचेगी। 01664 गोरखपुर-रानी कमलापति त्योहार विशेष गाड़ी 9 नवम्बर को गोरखपुर से 7.50 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 8.29 बजे, बस्ती से 8.56 बजे, मनकापुर से 9.46 बजे, गोण्डा से 10.15 बजे, बुढ़वल से 11.05 बजे, बाराबंकी से 12.07 बजे, लखनऊ से 13.15 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 15.10 बजे, उरई से 16.39 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी 18.35 बजे, बीना से 21.15 बजे तथा विदिशा से 23.17 बजे छूटकर दूसरे दिन रानी कमलापति 1.15 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर.,डी. के 2, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4 तथा शयनयान श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 1 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या 192/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ईस्टर्न रेलवे द्वारा निम्नलिखित **(पूजा)** विशेष अनारक्षित रेलगाड़ी का संचलन निम्नवत् किया जाएगा।



03037/03038 हावड़ा-गोरखपुर जं.-हावड़ा अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. 03037 हावड़ा से दिनांक 11.11.2026, 13.11.2026 एवं 14.11.2026 (बुधवार, शुक्रवार, शनिवार) को **(03 फेरे)** और **गाड़ी सं. 03038 गोरखपुर जं. से** दिनांक 12.11.2026, 14.11.2026 एवं 15.11.2026 (बृहस्पतिवार, शनिवार, रविवार) को **(03 फेरे)**

गाड़ी सं. 03037 हावड़ा-गोरखपुर जं.		↓ स्टेशन ↑	गाड़ी सं. 03038 गोरखपुर जं.-हावड़ा	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	23:45	हावड़ा	15:40	---
00:58	01:00	बैण्डेल जं.	14:03	14:05
01:50	01:52	बर्द्धमान जं.	13:11	13:13
03:01	03:03	दुर्गापुर	12:06	12:08
03:33	03:36	आसनसोल	11:30	11:35
04:00	04:02	चित्तरंजन	10:18	10:20
04:48	04:50	मधुपुर जं.	09:36	09:38
05:22	05:24	जसीडीह जं.	09:03	09:05
06:55	07:00	झाझा	08:05	08:10
07:48	07:50	किऊल जं.	06:40	06:42
10:15	10:25	बरौनी जं.	04:30	04:40
11:15	11:17	शाहपुर पटोरी	03:20	03:22
12:20	12:25	हाजीपुर जं.	02:20	02:25
12:35	12:37	सोनपुर	02:08	02:10
14:15	14:20	छपरा	01:10	01:15
14:50	14:52	एकमा	23:50	23:52
15:20	15:25	सीवान जं.	23:10	23:15
16:08	16:10	भटनी जं.	22:23	22:25
16:38	16:40	देवरिया सदर	22:00	22:02
17:25	17:27	चौरी चौरा	21:08	21:10
18:15	---	गोरखपुर जं.	---	20:35

रेक संरचना: शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी-16, एलएसएलआरडी-02 = (कुल 18 कोच)


मुजाधि/टी-77 **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं.: 193/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।



गाड़ी सं. 08629/08630 रांची-गोरखपुर-रांची त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08629 रांची से प्रत्येक वृहस्पतिवार को दिनांक 05-11-2026 से 19-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08630 गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08629 रांची-गोरखपुर		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08630 गोरखपुर-रांची	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	11:35	रांची	07:55	-
12:43	12:45	मुरी	06:33	06:35
13:45	13:50	बोकारो स्टील सिटी	05:05	05:10
14:28	14:30	चंद्रपुरा	04:36	04:38
15:42	15:50	धनबाद	02:28	02:35
17:10	17:12	चित्तरंजन	00:18	00:20
18:00	18:02	मधुपुर	23:35	23:37
18:25	18:27	जसीडीह	23:08	23:10
19:30	19:35	झाझा	22:30	22:35
20:20	20:22	किऊल	20:08	20:10
22:00	22:10	बरौनी	18:30	18:40
23:00	23:02	शाहपुर पटोरी	17:10	17:12
00:20	00:22	हाजीपुर	16:20	16:25
00:35	00:37	सोनपुर	16:08	16:10
03:05	03:10	छपरा	13:55	14:00
04:00	04:05	सीवान	11:45	11:50
04:43	04:45	भटनी	10:10	10:12
05:06	05:08	देवरिया सदर	09:38	09:40
06:25	-	गोरखपुर	-	08:35

रेक संरचना: सामान्य द्वितीय श्रेणी-02, शयनयान-15, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी-78A मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय:-नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय के गृहकर पंजिका वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 के अन्तर्गत गृहकर पंजिका में अपना नाम दर्ज कराने हेतु निम्न व्यक्ति द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। यदि किसी भी मकान से सम्बन्धित नामान्तरण हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो निम्नलिखित दिनांक के अन्दर अपने आपत्ति के समर्थन में साक्ष्य/सबूत के साथ नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

क्र.सं.	स्वामी का नाम	आवेदक का नाम	नामान्तरण का प्रकार	वार्ड का नाम	मकान सं.	आपत्ति का दिनांक
01.	03	04	05	02	06	07
01.	श्री द्वारिका प्रसाद पुत्र स्व. मोतीलाल प्रसाद रौनियार	सीमा रौनियार पुत्री द्वारिका प्रसाद रौनियार	पंजीकृत बैनामा	02 जानकी नगर	90/168 वर्तमान म.सं.-199	29-11-2026

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

संख्या-मेमो/नामा./न.पं.से./2026-27/दिनांक 24-10-2026

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज : ३, लीडर रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'**आज**' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा '**आज**' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक